प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 16.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1–सुकमा जिले में आज पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित तीन माओवादी मारे गए हैं।

2–बिलासपुर में राउत नाचा महोत्सव का आयोजन किया गया–मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का सजीव प्रतीक है।

3–ओडिशा के सुंदरगढ़ में हुई एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राष्ट्रीय कीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

4– मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के बारह जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है।

## माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले में आज पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित तीन माओवादी मारे गए हैं। इन पर कुल पंद्रह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

जिले के एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने बताया कि भेज्जी और चिंतागुफा के सीमावर्ती इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिज़र्व गार्ड–डीआरजी की टीम रवाना की गई। इसी दौरान तुमालपाड़ के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें तीन माओवादी मारे गए। मौके से माओवादियों के हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

मुठभेड़ के बाद डीआरजी, सीआरपीएफ और बस्तर फाइटर्स की टीम क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चला रही है।

## जनजातीय गौरव दिवस

भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती पर बिलासपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों का योगदान अतुलनीय और अविस्मरणीय रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा की स्थापना करने के साथ ही शहर के प्रमुख चौक का नाम भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर करने की घोषणा की।

वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू रायपुर स्थित एकलव्य प्रयास आवासीय विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट और संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई में चयनित जनजातीय विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जनजातीय गौरव दिवस पर

कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारत की प्रगति में जनजातीय समाज का योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। इस मौके पर श्री शर्मा ने रेंगाखार, कवर्धा और अन्य स्थानों पर भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमाएं स्थापित करने की घोषणा की।

## राउत नाचा महोत्सव

---

बिलासपुर के लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में कल अड़तालीसवें राउत नाचा महोत्सव का आयोजन किया गया। नाचा महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पारंपरिक राउत नाचा वेशभूषा में आयोजन स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नृत्य और गायन की परंपरा राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का सजीव प्रतीक है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल और इस महोत्सव के संरक्षक डॉक्टर कालीचरण यादव भी उपस्थित थे।

अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने शहर के पुराना बस स्टैंड चौक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनाए गए वंदे मातरम् उद्यान का लोकार्पण करने के साथ ही नाम पट्टिका का अनावरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् उद्यान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की नाम पट्टिका के माध्यम से उनकी स्मृतियों को संजोने का प्रयास किया गया है।

मुख्यमंत्री बिलासपुर के साईंस कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में भी पहुंचे और यहां लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर कारीगरों, स्व–सहायता समूहों और युवा उद्यमियों से चर्चा की। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस

---

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष सोलह नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना तथा प्रसारण राज्यमंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित थीं। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मीडिया जगत से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष प्रेस और निर्भीक पत्रकारिता स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

## धान खरीदी

---

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि कल पहले दिन एक सौ पंचानवे उपार्जन केन्द्रों में करीब बीस हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से धान खरीदी को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस बीच, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने दुर्ग में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में धान खरीदी के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि हड़ताल कर रहे कर्मचारी यदि काम पर वापस नहीं लौटे, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए भी अनेक उपाय किए गए हैं और विभिन्न जिलों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। श्री बघेल आज दुर्ग में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में शामिल हुए।

वहीं, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कांकेर जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्रीमती कंगाले ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

इस बीच, बलरामपुर जिले में खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उत्तरप्रदेश से दो पिकअप वाहन के जरिये परिवहन कर लाई जा रही लगभग दो सौ बोरी अवैध धान को जब्त किया है।

## बिलासपुर–न्यायालय हंगामा

---

बिलासपुर जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र में भागवत कथा के दौरान एक कथावाचक द्वारा कथित रूप से एक समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में पुलिस ने कथावाचक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। इस कथावाचक को जब न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, उस दौरान कुछ लोगों ने न्यायालय परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर हंगामा किया। इस मामले में भी पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध दो मामले दर्ज किए हैं।

## एकलव्य विद्यालय–राष्ट्रीय क्रीडा प्रतियोगिता

---

ओडिशा के सुंदरगढ़ में ग्यारह नवंबर से पंद्रह नवंबर तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित चौथी राष्ट्रीय कीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पचपन स्वर्ण, तैंतालीस रजत और चौंसठ कांस्य पदक हासिल किए हैं। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के लगभग सात हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें छत्तीसगढ़ के पचहत्तर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के चार सौ छियासठ प्रतिभागियों सहित पांच सौ सोलह सदस्यीय दल ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के युवा खिलाड़ियों की अथक मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कौशल का प्रतीक है।

## शहीद वीरनारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम

---

राज्य सरकार ने हाल ही में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नवा रायपुर के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि इससे स्टेडियम के रखरखाव के साथ ही यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले भी देखने को मिलेंगे।

**मौसम का हाल—**

मौसम विभाग ने प्रदेश के गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही, कबीरधाम, मुंगेली, खैरागढ़—छुईखदान—गंडई, राजनांदगांव, दुर्ग सहित बारह जिलों में एक—दो जगहों पर अगले तीन दिनों तक शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है।

**समाचार संक्षेप में ...**

—मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने सिमगा और बलौदाबाजार स्थित दो निजी अस्पतालों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए इन अस्पतालों का आयुष्मान पंजीयन तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

—जांजगीर—चांपा जिले के लगरा गांव के खरीदी केंद्र में अज्ञात लोगों ने बारदाने में आग लगा दी। आग से उन्नीस गठान बारदाने जलकर खाक हो गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>